भारत सरकार

रेल मंत्रालय

लोक सभा

20.11.2019 के

अतारांकित प्रश्न सं. 566 का उत्तर

बिजनौर में रेल उपरिपुल

566. श्री मलूक नागरः

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) बिजनौर निर्वाचन क्षेत्र में नगीना स्थित रेल समपार पर प्रस्तावित उस फ्लाइओवर की क्या स्थिति है जिसे मंजूरी प्रदान की गई थी;

(ख) क्या बिजनौर निर्वाचन क्षेत्र के चाँदपुर विधान सभा क्षेत्र स्थित रेल समपार पर दो अन्य रेल फ्लाईओवर अथवा अंडरपास निर्मित करने की कोई योजना है जहां ट्रैफिक जाम और आए दिन सड़क दुर्घटनाएं होती हैं;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) इनके कब तक पूरा होने की संभावना है?

उत्तर

रेल और वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री (श्री पीयूष गोयल)

(क) से (घ) : एक विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।

****

बिजनौर में रेल उपरिपुल के संबंध में दिनांक 20.11.2019 को लोक सभा में श्री मलूक नागर के अतारांकित प्रश्न सं. 566 के भाग (क) से (घ) के उत्तर से संबंधित विवरण।

(क) से (घ): नगीना (एलसी सं. 471) स्थित समपार राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच) पर आता है। रेल मंत्रालय और सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय (एमओआरटीएच) के बीच 10.11.2014 को हुए समझौते के अनुसार एमओआरटीएच/भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) एनएच कॉरीडोरों पर स्थित सभी समपारों को एकल इकाई आधार पर अपनी स्वयं की लागत पर ऊपरी सड़क पुल (आरओबी)/निचले सड़क पुल (आरयूबी) से बदलाव करेगा।

चांदपुर कस्बे में दो एलसी अर्थात् किमी 34/10-11 पर एलसी सं. 26 और किमी 35/09-10 पर एलसी सं. 27 हैं। राज्य सरकार के साथ लागत में भागीदारी के आधार पर ये समपार (एलसी) ऊपरी सड़क पुल (आरओबी) से प्रतिस्थापित किए जाने के लिए अर्हक हैं क्योंकि इनका यातायात घनत्व एक लाख से अधिक यातायात वाहन इकाई (टीवीयू) है। तदनुसार, राज्य सरकार से लागत में भागीदारी और समपार बंद करने के लिए आवश्यक सहमति के साथ इन स्थानों पर आरओबी के निर्माण के लिए औपचारिक प्रस्ताव प्रस्तुत करने के लिए संपर्क किया गया है। मुख्य सचिव स्तर पर क्षेत्रीय रेलवे द्वारा नियमित रूप से संपर्क करने के बावजूद राज्य सरकार से कोई प्रतिक्रिया प्राप्त नहीं हुई है।

****